नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

महाराणा प्रताप महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

मो. 7897475917, 9794299451

Website : www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी

स्थापित 2005 ई.

पत्रांक................................ दिनांक : 08.08.2022

प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के प्रार्थना सभा के अंतर्गत 'भारत छोड़ो आंदोलन दिवस एवं काकोरी कांड' की पूर्व संध्या पर श्री अनूप पाण्डेय, सहायक आचार्य इतिहास विभाग ने उद्‌बोधन देते हुए कहा कि आज अवसर है भारतीय स्वाधीनता के अंतिम वह महान संघर्ष भारत छोड़ो आंदोलन की 80 वाँ वर्षगांठ मनाई जाने की, साथ ही भगत सिंह द्वारा आरंभ किए गए 'काकोरी स्मृति दिवस' मनाने की। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जब जापान की सेना वर्मा में भारतीय सीमा को छूने लगी तब भारतीयों से समर्थन प्राप्त करने के लिए मित्र राष्ट्र जैसे–अमेरिका, रूस, चीन आदि ब्रिटेन पर दबाव बनाने लगे। ऐसी स्थिति में प्रथम विश्व युद्ध के दौरान की गई भूल को न दोहराते हुए महात्मा गांधी ने 8 अगस्त, 1942 को बम्बई कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में 'भारत छोड़ो आंदोलन' का प्रस्ताव पास करा लिया। 'और करो या मरो' का नारा दिया। इससे एक कदम आगे बढ़ते हुए लाल बहादुर शास्त्री ने 'मरो नहीं मारो' नारे के साथ लोगों का आवाहन किया। इस आंदोलन के लिए 9 अगस्त दिन तय किया गया। क्योंकि 9 अगस्त, 1925 को ही राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, सचिन संथाल, रोशन सिंह, चंद्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिवीरों ने लखनऊ के काकोरी स्टेशन पर सरकारी खजाने से भरी ट्रेन को लूट लिया था। जिसकी स्मृति में शहीद भगत सिंह ने 'काकोरी स्मृति दिवस' मनाए जाने की परंपरा आरंभ की थी। ऐसी महान विभूतियों को पूरा महाविद्यालय परिवार हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

(डॉ. सुधा शुक्ल)
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी